ont>

Title: Need to provide employment on compassionate grounds to the dependants of deceased persons in Bokaro Steel Plant, Jharkhand - Laid.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): अध्यक्ष महोदय, बोकारो इस्पात संयंत्र में मृत कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति एवं विस्थापितों को नौकरी एवं मुआवजा का मामला वर्षो से लंबित है। 1997 के बाद मृत कर्मचारियों के आश्रितों को नियुक्ति न दी गयी है, जबकि तत्कालीन प्रबंधन ने आश्वासन दिया था कि प्राथमिकता के आधार पर प्रत्येक वर्ष नियुक्ति प्रदान की जायेगी, परन्तु आज करीब 700 आश्रित घोर आर्थिक विपत्ति में नियुक्ति की मांग कर रहे हैं और विगत 6 माह से आंदोलन कर रहे हैं।

विस्थापितों के लिए एक फार्मूला है कि राज्य सरकार, केन्द्र सरकार, प्रबन्धन एवं क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधि के एक निपक्ष प्रतिनिधि एक साथ बैठकर वास्तविक ि वस्थापितों की पहचान कर मामले का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटारा करें ताकि विस्थापित बेकार में मुआवजा एवं नियुक्ति के लिए समय नट न करें।

जब बोकारो इस्पात संयंत्र लाभ में चल रही है और सभी विभागों में अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति का प्रावधान है, तो संबंधित लोगों का मामला लंबित होना आश्चर्य की बात है।

अतः केन्द्र सरकार से आग्रह है कि बोकारों इस्पात संयंत्र में विस्थापितों तथा मृत कर्मचारियों के आश्रितों का मामला शीघ्र निपादित किया जाये।